(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

नए साल की पार्टी के लिए ऐसे ...8





लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शनिवार, 01 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 13 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## अखिलेश बाबू आपकी दूसरी पीढ़ी आ जाए तो भी ट्रिपल तलाक और अनुच्छेद 370 वापस नहीं आने वाला : शाह

अयोध्या। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य्य की मुख्य्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव को चुनौती देते हुए कहा कि अखिलेश बाबू आपकी दूसरी पीढ़ी भी आ जाएगी तो भी न अनुच्छेद 370 वापस आने वाली है, न ट्रिपल तलाक वापस आएगा। शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या आए और सबसे पहले वह राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचे। रामलला का दर्शन करने के बाद शाह ने मंदिर परिसर में पौधा रोपण किया और इसके बाद हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी की जन विश्वास यात्रा की जनसभा में कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने की चर्चा करते हुए शाह ने कहा, सपा, बसपा, कांग्रेस और ममता बनर्जी सभी इकट्ठे होकर 370 हटाने का विरोध कर रहे थे, सालों से हम स्वप्न देख रहे थे कि कब हमारा कश्मीर भारत का अभिन्ध्न अंग हो जाए और पांच अगस्त 2019 को संसद में मोदी जी ने 370 को उखाड़ कर फेंक दिया। उन्होंने कहा कि यह अखिलेश अयोध्या में वोट मांगने आए तो पूछना कि कारसेवकों का दोष क्या था, आपकी सरकार ने गोली क्यों चलवाई और अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटने में आपको क्या आपत्ति है। शाह ने कहा कि मोदी जी ने ट्रिपल तलाक हटा




दिया तो ये लोग रोना रो रहे हैं, ट्रिपल तलाक लाओ, ट्रिपल तलाक लाओ। अखिलेश बाबू आपकी दूसरी पीढ़ी भी आ जाएगी, तब भी न 370 वापस आने वाला है, न ट्रिपल तलाक वापस आएगा। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, सपा–बसपा समर्थन करते थे और आए दिन पाकिस्तान से आलिया, जमालिया घुसते थे और हमारे जवानों के सिर काट कर ले जाते थे और कांग्रेस पार्टी के माथे पर जूं नहीं रेंगती थी लेकिन मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो पुलवामा और उरी पर हमला हुआ तो दस दिन के ही अंदर मोदी जी ने एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को आड़े हाथों लेते हुए शाह ने कहा राहुल बाबा कहते हैं कि जो सर्जिकल स्ट्राइक कर रहे हो, उसका प्रमाण चाहिए। मोदी जी देश को समृद्ध और सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि के भव्य मंदिर निर्माण का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए शाह ने कहा इस भूमि ने सालों तक प्रभु श्री राम लला के लिए संघर्ष किया और यहां विनाश भी हुआ, निर्माण भी हुआ मगर हर बार विनाश पर निर्माण ने विजय प्राप्त की। इस सदी में भी हजारों लाखों लोगों ने प्रभु श्रीराम के जन्ध्म स्ध्थान पर बलिदान दिए, पीढ़ियों तक पगड़ी नहीं पहनी, सालों तक जूते नहीं पहने, कई पीढ़ियों तक मीठा नहीं खाया, कई संतों, महंतों ने अपनी देह का त्याग किया मगर प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का स्वप्न सच नहीं हुआ।

गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहले गृह मंत्री सरदार पटेल ने सोमनाथ के ज्योतिर्लिंग का निर्माण कराया था और आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम लला के भव्य मंदिर का शिला पूजन करने का कार्य किया। सपा, बसपा और कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि इसको रोकने के लिए सपा, बसपा, कांग्रेस जब भी शासन में रहे, ढेर सारे प्रयास किये, आप सबको याद है या नहीं है– कारसेवकों पर गोली चलवाई थी, याद है या नहीं है, राम सेवकों पर डंडे चलवाए थे, याद है या नहीं है। राम सेवकों को मारकर मां सरयू में बहा दिया गया था, याद है या नहीं है। बुआ–बबुआ के शासन में हमारे आस्था के प्रतीकों का नहीं होता था सम्मान : उन्होंने कहा आज मैं देखकर आया हूं राम लला मंदिर उसी स्थान पर जोर शोर से बन रहा है, जो रोकना चाहते थे, उन सभी को कहना चाहता हूं कि रोक सको तो रोक लो क्योंकि किसी में रोकने का दम नहीं है।

## अब कपड़ों के नहीं बढ़ेंगे दाम, 1 जनवरी से बढ़ने वाली थी 7 फीसदी जीएसटी

नयी दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें कपड़ों पर जीएसटी बढ़ाने का फैसले को फिलहाल टाल दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि जीएसटी परिषद की बैठक में कपड़े पर जीएसटी दर पर यथास्थिति को 5 फीसदी तक बनाए रखने और इसे 12 फीसदी तक नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। कपड़े पर जीएसटी दर के मुद्दे को दर युक्तिकरण समिति को भेजा जाएगा, जो फरवरी तक अपनी रिपोर्ट देगी। आपको बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक हुई। जिसमें कपड़ों पर जीएसटी को यथास्थित बनाए रखने का निर्णय लिया गया और अब फरवरी में अगली बैठक होगी, जिसमें समीक्षा की जाएगी। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद की 17 सितंबर को हुई पिछली बैठक में फुटवियर एवं कपड़ों पर जीएसटी दर संशोधित करने का फैसला लिया गया था।




## पीयूष जैन का सपा से कोई लेना देना नहीं, भाजपा को सौहार्द की सुगंध पसंद नहीं: अखिलेश यादव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी




(सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग नफरत के दुर्गंध फैलाने वाले हैं। यह लोग सौहार्द की सुगंध को कैसे पसंद करेंगे। इसीलिए जानबूझकर समाजवादी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुख इस बात की है कि लखनऊ से लेकर दिल्ली वाले तक कन्नौज की पहचान को बदनाम करने में लगे हुए हैं। मैं पहले दिन से कह रहा हूं जिस जगह पर छापा मारा गया है, उससे समाजवादी पार्टी का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस पर छापा पहली बार पड़ा उससे भाजपा और भाजपा के लोगों का संबंध है। ऐसे में भाजपा बताए कि इतने बड़े पैमाने पर पैसा कैसे निकला। भाजपा ने बताया था कि नोटबंदी के बाद कालाधन नहीं आएगा, इस तरह के कोई पैसा एकत्रित नहीं कर पाएगा। ऐसे में इनकी बड़ी–बड़ी योजनाएं फेल हो गई। उन्होंने कहा कि अपनी गलती को छिपाने के लिए समाजवादी इत्र बनाने वाले पुष्पराज जैन के यहां पर छापा मारा है। मैं बता दूं कि भाजपा के लोग नफरत फैलाने वाले लोग हैं।

## मुख्यमंत्री योगी ने सपा के झंडे को बताया अराजकता का प्रतीक, बोले– 2017 से पहले किसान बदहाल था

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रायबरेली में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव देश के साथ कुठाराघात किया है। देश के अंदर आतंकवाद की जड़ और देश के अंदर भाषाई दंगा कराने की अगर कोई जड़ है तो वह कांग्रेस ही है। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जिस धरती पर मां गंगा की पूजा होती है। ऋषि–मुनियों ने अपने तप और साधना से इस धरती को पवित्र किया। वहीं दूसरी तरफ यहां का जनसमर्थन लेकर कांग्रेस जब सत्ता में आती थी तो ये कहते थे कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। समाजवादी पर भी बरसे



योगी आदित्यनाथ पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी हो या कांग्रेस या बहुजन समाज पार्टी, भ्रष्टाचार इनके जीन्स का हिस्सा बन गया है। भ्रष्टाचार के बगैर इनका काम ही नहीं चलता, विकास की इनकी कोई सोच ही नहीं है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जो दंगाई प्रदेश में पर्व और त्योहारों से पहले दंगा करते थे, क्या उनमें दुस्साहस है कि अब वो दंगा करेंगे ? आज उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले किसान बदहाल था, आत्महत्या करने के लिए मजबूर था, कर्ज तले दबा हुआ था। 2017 में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार का पहला फैसला था 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफी का कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले नौकरी निकलती थी, समाजवादी पार्टी की सरकार में चाचा और भतीजे की गैंग वसूली पर निकल पड़ता था। महाभारत के सभी रिश्ते एक साथ वसूली पर निकल पड़ते थे। वसूली के साथ सभी भर्तियां विवादित होती थी। इसी बीच उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति से समाजवादी पार्टी का मतलब पूछोगे तो वह यही बोलेगा कि जिस गाड़ी में सपा का झंड़ा, समझो बैठा है कोई पेशेवर गुंड़ा। गाड़ी पर लगा सपा का झंडा ही अराजकता का प्रतीक है। कानपुर मेट्रो उद्घाटन के दौरान भी सपा कार्यकर्ताओं ने दंगा भड़काने का काम किया। लेकिन पुलिस ने कानपुर ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि हमने विकास भी किया, लोककल्याण कार्यक्रम भी किए, जनता को सुरक्षा भी दी और आपकी आस्था का सम्मान भी किया। इसी बीच उन्होंने अयोध्या राम मंदिर का मुद्दा उठाया और पूछा कि क्या कांग्रेस, सपा और बहन जी यह कार्यक्रम कर पाती ?

## ग्वालियर में हिंदू महासभा ने मनाई गांधी के हत्यारे की पुण्यतिथि

भोपाल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ



टिप्पणी के लिए स्वयंभू हिंदू नेता कालीचरण की गिरफ्तारी ने राज्य में धूल झोंक दी है। फिर भी ग्वालियर में हिंदू महासभा ने गांधी हत्याकांड के आरोपियों में से एक दत्तात्रेय सदाशिव परचुरे की पुण्यतिथि मनाई है। परचुरे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी क्योंकि वह राष्ट्रपिता की हत्या की साजिश का हिस्सा था।हिंदू महासभा के सदस्यों ने उनकी 37वीं पुण्यतिथि पर परचुरे की तस्वीर का अनावरण किया और आरती की। उन्होंने नाथूराम गोडसे और नारायण आप्टे की आरती भी की और गांधी के हत्यारों के समर्थन में नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयवीर भारद्वाज ने कहा कि 50 लाख से अधिक हिंदुओं ने भाग लेने में अपना घर खो दिया था। और इसके लिए मोहन दास करमचंद्र गांधी जिम्मेदार थे। आपको बता दें ग्वालियर में स्थित हिंदू महासभा कार्यालय बापू के हत्यारे नाथूराम गोडसे का गढ़ है। और आज भी इस कार्यालय में नाथूराम गोडसे की पूजा अर्चना की जाती है इसके साथ ही उनकी पुण्यतिथि और जन्म दिन पर अलग–अलग कार्यक्रम की जाती है। वहीं इस कार्यालय में कुछ साल पहले नाथूराम गोडसे की भी मूर्ति स्थापित की गई थी जिसको लेकर पूरे देश भर में बवाल मचा था। उसके बाद उस मूर्ति को जिला प्रशासन ने जप्त कर लिया था। लेकिन अभी तक मध्य प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन हिंदू महासभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पर कोई ठोस कार्रवाही नहीं कर पाया है।

## चेन्नई में भारी बारिश के कारण तीन लोगों की मौत, सड़कों पर भरा पानी

चेन्नई। चेन्नई और इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई, जिसके चलते सड़कों और सब–वे में पानी भर गया तथा बारिश–संबंधी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एस रामचंद्रन ने कहा कि चेन्नई में बिजली करंट लगने से दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। बृहस्पतिवार को हुई बारिश ने पिछले महीने यहां भारी बारिश के बाद नजर आए दृश्यों को दोहरा दिया, जब जलभराव के चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और वाहन चालक पानी में फंसे वाहनों को खींचते दिखे थे। इस बीच, पुलिस ने कहा कि जलभराव के कारण तीन सब–वे बंद करने पड़े और शहर में करीब 14 स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए। मेट्रो रेल अधिकारियों ने कहा कि मेट्रो रेल सेवा को एक घंटा अतिरिक्त बढ़ा दिया गया ताकि यात्री आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।




## मुंबई में लगे नितेश राणे की गुमशुदगी वाले पोस्टर, ढूढ़ने वाले को इनाम में मिलेगी 1 मुर्गी

राणे परिवार और शिवसेना के बीच अदावत वैसे तो बरसो पुरानी है। लेकिन अब केंद्रीय



मंत्री नारायण राणे के पुत्र और बीजेपी के विधायक नीतेश राणे इन दिनों सुर्खियों में है। खबरों में आने की वजह मुंबई के इलाके में लगाए गए पोस्टर हैं। जिसमें उनकी गुमशुदगी की बात कहते हुए व्यक्ति उन्हें ढूंढेगा उन्हें इनाम के तौर पर एक मुर्गी भी दी जाएगी। मुंबई में चर्चगेट तथा गिरगांव सहित कुछ क्षेत्रों में नितेश राणे को लेकर आपत्तिजनक पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में नीतेश राणे को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए लिखा गया है– भारतीय जनता पार्टी के विधायक नितेश राणे गुमशुदा हैं। नाम– नितेश राणे, ऊंचाई– डेढ़ फीट, रंग– गोरा, पहचान– आंखे नेपालियों की तरह, मतिमंद, जानकारी देने वाले को एक मुर्गी का इनाम दिया जाएगा। विवादित पोस्टर में मुर्गी का जिक्र क्यों?: बता दें कि इस पोस्टर में मुर्गी का जिक्र किए जाने के पीछे की वजह महाराष्ट्र में नारायण राणे के विरोधियों द्वारा पिछवे कुछ समय से उन्हें मुर्गी चोर की संज्ञा देकर निशाना साधा जाना है। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने फिलहाल ये पोस्टर–बैनक बटवा लिए हैं।

## अखिलेश यादव के करीबी पुष्पराज जैन के ठिकानों पर छापा

कानपुर। कानपुर और कन्ध्नौज में पीयूष जैन के ठिकानों से 194 करोड़ रुपए कैश और 23 किलो सोना बरामद होने के बाद इनकम टैक्स और जीएसटी की टीमों ने अखिलेश यादव के करीबी एमएलसी पुष्पराज उर्फ पम्ध्पी जैन के ठिकानों पर सुबह से रेड की कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार की सुबह–सुबह टीमें एमएलसी पुष्ध्पराज जैन के कई ठिकानों पर पहुंची। बताया जा रहा है कि कन्नौज के घर के अलावा पुष्पराज के नोएडा, कानपुर, हाथरस और मुंबई सहित कई ठिकानों पर छापे पड़े हैं। सुबह सात बजे से डेढ़ सौ अधिकारी अलग–अलग 50 ठिकानों पर छापा मार रहे हैं। छापेमारी में क्ध्या मिला, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। शुरुआती जानकारी में टैक्स चोरी के आरोप में ये छापेमारी करने की बात कही जा रही है। पुष्पराज जैन के अलावा आयकर विभाग की टीम कन्नौज के एक और इत्र कारोबारी मोहम्मद याकूब के यहां भी छापेमारी कर रही है। इसके पहले पीयूष जैन के यहां पड़े छापों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने पर पार्टी नेताओं ने कड़ी आपत्ति की थी। एमएलसी पुष्ध्पराज जैन ने भी कहा था कि उनका पीयूष जैन से कोई लेना–देना नहीं है। बताया जा रहा है कि कन्ध्नौज में पुष्ध्पराज और पीयूष जैन के घर आसपास ही हैं लेकिन पीयूष की गिरफ्तारी के बाद पुष्ध्पराज जैन ने कहा था कि कभी–कभार दुआ–सलाम से ज्ध्यादा उनके बीच कोई सम्ध्बन्ध्ध नहीं है। पीयूष जैन के यहां छापामारी को लेकर समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच पिछले कुछ दिनों से आरोप–प्रत्ध्यारोप का दौर चल रहा था। असली–नकली पी जैन का विवादः भाजपा जहां पीयूष के घर मिले भारी भरकम कैश को सपा का बता रही है, वहीं सपा पीयूष जैन को भाजपा का समर्थक बता रही है। सपा अध्ध्यक्ष और पूर्व मुख्ध्यमंत्री अखिलेश यादव ने यहां तक टिप्ध्पणी की थी कि छापा पुष्ध्पराज जैन के यहां पड़ना था, लेकिन गध्लती से पीयूष जैन के यहां पड़ गया। उन्होंने कहा था कि वो छापा मारना चाहते थे इत्र वाले के यहां, उसका नाम है पुष्पराज जैन है और वो हमारे एमएलसी हैं। इनका नाम था पीयूष जैन। लगता है डिजिटल इंडिया की गलती हो गई। पुष्पराज जैन की जगह पीयूष जैन आ गए।ष हाथरस में भी छापा : उधार, हाथरस के हसायन कस्बे के सिकतरा रोड पर संचालित इत्र फैक्ट्री में छापा मारा है। इस फैक्ट्री के मालिक पुष्पराज उर्फ पम्ध्पी जैन हैं। फैक्ट्री के अंदर कई टीमें लगी है। इस छापे के बाद कस्बे के बाकी इत्र कारोबारियों में खलबली मची है। फैक्ट्री के आसपास किसी को नहीं आने दिया जा रहा है। छापे मे कानपुर ओर आगरा नंबर की दो गाड़ी शामिल हैं। यह फैक्ट्री कई वर्षों से बंद थी। मुंबई से मिले इनपुट के आधार पर पड़े छापेः मिली जानकारी के अनुसार सपा एमएलसी और इत्र कारोबारी पुष्ध्पराज जैन पम्ध्पी के ठिकानों पर छापे, मुंबई से मिले इनपुट के आधार पर पड़े हैं। बादशाह ट्रांसपोर्ट कंपनी से आयकर विभाग को टैक्स चोरी का सुराग मिला था। यह ट्रांसपोर्ट कंपनी कानपुर और मुंबई समेत देश के कई हिस्सों में फैली हुई है। कानपुर में सपा एमएलसी पंपी जैन के स्वरूप नगर और सिविल लाइंस और ट्रांसपोर्ट नगर सहित कई ठिकानों पर छापों की सूचना है।





# गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका रजिस्ट्रेशन करायेः मनीष गर्ग

## समीक्षा के दौरान मनीष गर्ग ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नीति आयोग के संबध में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी मनीष गर्ग की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित मनीष गर्ग द्वारा नीति आयोग के समस्त विन्दुओं की समीक्षा की गयी। मनीष गर्ग द्वारा निर्देश दिया गया कि गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका रजिस्ट्रेशन कराये तथा गर्भवती महिलाओं का प्रसव जिला अस्पताल/निजी अस्पताल में कराया जाये। समीक्षा के दौरान मनीष गर्ग ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद के







सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 का निरीक्षण करें तथा डाटा फीडिंग पोर्टल का प्रतिदिन स्वयं देखे। गर्भवती महिलाओं का पंजीयन करके प्रोत्साहन धनराशि शत–प्रतिशत लाभार्थी के खाते में प्रेषित कराया जाता है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि मृदा परीक्षण, के0सी0सी0 का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जायेगा। प्र0जिला कार्यक्रम अधिकारी ने नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित मनीष गर्ग को जानकारी देते हुए बताया कि पुष्टाहार का वितरण किया जा रहा है अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है तथा आंगनबाड़ी सेन्टरों पर बच्चों का वजन कराया जाता है। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित मनीष गर्ग ने निर्देश दिया कि पोषाहार का वितरण शत–प्रतिशत कराया जायें। प्र0 मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कोविड–19 वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम डोज 81 प्रतिशत तथा द्वितीय डोज 49 प्रतिशत करा दिया गया है। कोविड–19 वैक्सीनेशन का समस्त सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 तथा जिला चिकित्सालय में लगाया जा रहा है। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित मनीष गर्ग ने निर्देश दिया कि गांवो में कैम्प का आयोजन कर वैक्सीनेशन कराया जाये। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित मनीष गर्ग द्वारा जानकारी प्राप्त की गयी कि कोरोना के दौरान बच्चो को किसा प्रकार पढ़ाई की गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बच्चो का ऑनलाइन माध्यम से तथा व्हाटसएप के माध्यम से शिक्षा दी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि अनिवार्य रूप से विद्यालयो का निरीक्षण करे तथा शिक्षको को अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करने हेतु निर्देशित करे। प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तकालय में जो पुस्तके आती है उन्हें बच्चो को पढ़ने के लिए दे। इसके अलावा ड्रेस वितरण आदि के बारे में जानकारी चाही गयी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बचाया कि ड्रेस कि धनराशि बच्चो के अभिभावको के खाते में प्रेषित की गयी है। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित मनीष गर्ग द्वारा नीति आयोग के समस्त विन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी तथा समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपना लक्ष्य समय से पूर्ण करें। मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग ने नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित मनीष गर्ग का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि समस्त अधिकारी आपके निर्देशानुसार समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कर रहे है। मुख्य विकास अधिकारी श्री पुलकित गर्ग द्वारा नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित श्री मनीष गर्ग को काफी टेबल बुक तथा काला नमक चावल दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नसीम अहमद, प्र0 मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सौरभ चतुर्वेदी, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्मार्ट फोन मिल जाने से समय और श्रम दोनो की बचतःसांसद जगदम्बिका पाल

### आशाओं का सम्मेलन तथा 80 हजार आशाओ को स्मार्ट फोन का वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आशाओं का









सम्मेलन तथा 80 हजार आशाओ को स्मार्ट फोन का वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण जनपद सिद्धार्थनगर में लोहिया कलाभवन में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी दीपक मीणा उपस्थित थे। आशाओ का सम्मेलन तथा स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि





वर्ष के अन्तिम दिन मुख्यमंत्री द्वारा कोरोना महामारी में अपने जीवन की परवाह किये बिना कार्य करने वाली आशा बहनो को नये साल के उपहार के रूप में स्मार्ट फोन दिया जा रहा है। सांसद ने कहा कि स्वस्थ्य समाज से सश्क्त समाज बनता है तथा सश्क्त समाज से समृद्ध समाज बनता है। आशा बहनो द्वारा कोरोना के दौरान डोर–टू–डोर मरीजो की देखभाल किया गया तथा लोगो में दवाओं का वितरण किया गया। जिससे कोरोना महामारी पर प्रभावी नियंत्रण किया गया। स्मार्ट फोन मिल जाने से समय और श्रम दोनो की बचत होगी। टीकाकरण तथा अन्य सूचनाओ को एकत्रित करने में आसानी होगी। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने बताया कि आशा बहनो द्वारा कम समय में सूचनाओ को एकत्रित करने में स्मार्ट फोन मिल जाने से आसानी होगी। सभी योजनाओ की जानकारी लोगो तक पहुचाने तथा सूचनाएं भेजने में भी आसानी होगी। जिससे समय की बचत होगी। मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओ का सम्मान के लिए उनकी कड़ी मेहनत को देखते हुए स्मार्ट फोन दिया जा रहा है। जनपद में 2258 आशा कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन दिया जाना है जिसमें से आज लोहिया कला भवन में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही द्वारा 315 आशा कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन दिया गया। पी0डी0 सुरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 नीना वर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 डी0के0चौधरी, मानवेन्द्र बहादुर सिंह तथा अन्य संबधित अधिकारी व आशा कार्यकत्री उपस्थित थी।

## शिक्षा मंत्री सतीश द्विदी ने आशा बहुओं को स्मार्ट फोन वितरित किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिध्दार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा में





मोदी–योगी सरकार द्वारा आशा बहुओं को उपलब्ध कराए गये स्मार्टफोन का वितरण किया। इटवा विधायक व शिक्षा मंत्री सतीश द्विदी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा पर 141 आशा बहुओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। वहां उपस्थित लोगों व आशाबहू व अन्य लोगों को सम्बोधित किया। तथा भाजपा सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं व विकास कार्यों को जनता के बीच बताया और कहा कि हमारी सरकार किसी न किसी रूप में प्रत्येक ग्राम पंचायत मे नोकरी दी है इस अवसर पर इटवा चिकित्सा अधिकारी डॉ वी के, वी पी एम अनिल कुमार, ए आर वो ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रामकृपाल चौधरी, राकेश विश्वकर्मा, व अन्य आशा बहुओं व चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार की जन जागरण योजनाओं को घर–घर पहुंचाते भाजपा कार्यकर्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज विधायक





राघवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में भनवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा नें कार्यकर्ताओ के साथ गांवो में पहुंचकर केन्द्र व राज्य सरकार के योजनाओ के बारे में लोगों तक पहुंचाते हुए,लोगों की समस्याओं को भी सुना। लवकुश ओझा नें कहा कि पिछली सरकारें जनता के साथ छलावा करती आई है। लेकिन जबसे उत्तर प्रदेश में भाजपा की जबसे सरकार बनी है। जनता को सभी योजनाओ का लाभ मिल रहा है। राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधी हो, या पीएम आवास सभी योजनाओ का लाभ जनता को लगातार मिल रहा है। और जनता खुश इस सरकार से खुश है। इस मौके पर रमेश गुप्ता, अजय चौधरी, रामचंद्र गौतम, शत्रुघ्न मिश्रा, दद्दन वर्मा, ज्वाला प्रसाद श्रीवास्तव, श्रीचंद कन्नौजिया, संजय मिश्रा, दयानंद पांण्डेय, गुरूदेव बाबा, बृजेश पांण्डेय परशुराम दूबे, गुड्डू तिवारी, तिलकराम शर्मा, मयाराम पांण्डेय, अनिल पांण्डेय, पुरूषोत्तम पांण्डेय, परशुराम पांण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने भड़रिया में किया महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन

### महाराजा सुहेलदेव ने माँ भारती के सम्मान के लिए किया संघर्ष– राघवेन्द्र प्रताप सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को डुमरियागंज विधानसभा




क्षेत्र के भड़रिया स्थित भरत चौक पर डुमरियागंज विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा हिन्दू हृदय सम्राट महाराजा सुहेलदेव जी की प्रतिमा स्थापना के लिए पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। अपने सम्बोधन में विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती आदिकाल से ही अध्यात्म, संस्कृति और शौर्य से सम्पन्न रही है। यहाँ अवतारों के साथ साथ ऋषियों, योगियों और तपस्वियों ने देश दुनियां को भारत के गौरव से परिचित कराया। इसी भूमि के रणबांकुरों ने तुर्क मुगल आक्रांताओं से लेकर साम्राज्यवादियों को मुंह की खाने पर विवश किया। इन्ही वीरों में एक नाम महाराजा सुहेलदेव का है। महाराजा सुहेलदेव देश के उन वीरों में रहे है जिन्होंने माँ भारती के सम्मान के लिए संघर्ष किया। महाराजा सुहेलदेव जैसे नायक का स्मरण समाज के हर वर्ग, हर समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्प को नई शक्ति देता है। इस मौके पर कन्हैया पासवान, श्रीराम पासवान, इंडियन पासी समाज जिलाध्यक्ष राम कुमार, संतोष पासवान, राकेश दूबे, अनिरुद्ध पासवान, दुर्गेश मिश्रा, ध्रुवचंद्र, विनोद दूबे, मनीष प्रधान, प्रकाश पासवान, बलजीत आजाद, रविन्द्र गौतम, सूर्यनाथ सिंह, उपेंद्र गौतम, प्रमोद चौहान, राम कुमार पासवान, सतीश चंद्र पासवान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्मार्ट फोन पाकर खिले आशा बहनों के चेहरे

### बेवां स्थित बजरंगी चौक पर विधायक ने 293 आशा बहनों को सौपा स्मार्ट फोन





दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। अभी तक आशा बहनों को सूचनाएं भेजने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जिसे केंद्र व प्रदेश की सरकार ने आशा बहनों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए स्मार्ट फोन देने का फैसला किया। यह बातें शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजरंगी चौक बेवां में आयोजित कार्यक्रम में 293 आशा बहनों को स्मार्ट फोन वितरण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आशा बहनों को स्मार्ट फोन मिलने से वे भी स्मार्ट होगी और अब उनके काम करने का तरीका भी बदल जायेगा। अभी तक आशा बहनों को सूचनाएं भेजने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। स्मार्टफोन की मदद से अब वह अपना डाटा भरकर सीधे शासन को भेज सकेगी। वहीं सूचनाओं के संकलन करने में भी मदद मिलेगी जिससे उन्हें ज्यादा भाग दौड़ नही करनी पड़ेगी। उनके तमाम ऐसे कागजात होते है जिन्हें वे एक जगह इकट्ठा नही कर पाती थी अब उन्हें उन कागजातों को इकट्ठा न करके अपने मोबाइल में सेव करके रख सकेगी और समय पर दिखा भी सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार के प्रयास से आज हम आशा बहनों को स्मार्ट फोन वितरण करने का काम कर रहे है। विधायक ने कहा कि अभी 293 आशा बहनों को स्मार्ट फोन दिया जा रहा है बाकी बचे आशा बहनों को शीघ्र उपलब्ध करवाया जाएगा। इस मौके पर।

# सम्पादकीय

**अप्रैल में मंत्रिमंडल में बड़े फेर–बदल की चर्चाओं को मुख्यमंत्री ने फिलहाल खारिज कर दिया है, पर राजनीति में कुछ भी अंतिम कहां होता है। फिलहाल सरकार बड़े किसान आंदोलन के संकट से तो निकल आई है लेकिन कोरोना संकट की तीसरी लहर की दस्तक उसके सामने नई चुनौती खड़ी ...**

## सियासी संतुलन

हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी तथा जननायक जनता पार्टी की साझा सरकार का 26 माह बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया, जिसमें दो नये चेहरे शामिल किये गये। चंडीगढ़ स्थित राजभवन में आयोजित इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। नववर्ष से पहले जिन दो विधायकों को मंत्रिपद का तोहफा मिला, उनमें हिसार से भाजपा के विधायक डॉ. कमल गुप्ता और टोहाना से जजपा विधायक देवेंद्र बबली शामिल हैं। यूं तो कई अन्य विधायक भी मंत्री पद के लिए भागदौड़ कर रहे थे, लेकिन लाटरी इन दोनों की ही खुली। इस बीच कुछ विधायक दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं से भी मिले थे। वैसे भी लंबे समय से कयास लगाये जा रहे थे कि मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। दरअसल, बीते माह उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद जतायी थी। बताते हैं इस मंत्रिमंडल विस्तार के मूल में जजपा के टोहाना से पार्टी विधायक देवेंद्र बबली को मंत्रिमंडल में शामिल करने का दबाव भी था। ऐसा माना जा रहा है कि हरियाणा के किसान आंदोलन से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य होने के चलते भी शायद मंत्रिमंडल विस्तार में देरी हुई। डॉ. कमल गुप्ता की हाईकमान के नेताओं से मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल विस्तार के कयास लगाये जा रहे थे। उनके समर्थकों में भी गुप्ता के मंत्री बनाये जाने की खासी सुगबुगाहट थी। डॉ. कमल गुप्ता संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। दरअसल, कमल गुप्ता न केवल संघ बल्कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व की भी पसंद रहे हैं। उनकी वैश्य समाज में खासी प्रतिष्ठा रही है। उन्हें एक मुखर वक्ता के रूप में जाना जाता है। वैसे भी वैश्य समाज में फिक्र रही है कि मनोहर मंत्रिमंडल में अभी तक वैश्य समुदाय को प्रतिनिधित्व नहीं मिला। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार से पार्टी में वैश्य समाज से आठ विधायक होने के बावजूद किसी को मंत्री न बनाये जाने से समाज की शिकायत को दूर करने का भी प्रयास हुआ है। दरअसल, राजनीतिक पंडित कमल गुप्ता व देवेंद्र बबली को मंत्री बनाये जाने के पीछे सरकार की जाट व वैश्य समुदाय को साधने की कवायद के रूप में भी देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नब्बे सदस्यीय विधानसभा में चौदह मंत्री बनाये जा सकते हैं। लेकिन इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत कैबिनेट में 12 मंत्री ही थे। वहीं यह मंत्रिमंडल विस्तार ऐसे समय में हुआ है जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पार्ट– टू पारी को ढाई साल होने जा रहे हैं। वैसे इस मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कई अन्य तरह के कयास भी लगाये जाते रहे हैं, जिसमें विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता को मंत्रिमंडल में वैश्य समाज के प्रतिनिधि के रूप शामिल करने की चर्चा रही है। वहीं सियासी गलियारों में यह भी चर्चा रही है कि मुख्यमंत्री कामकाज के आधार पर कई मंत्रियों के कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव ला सकते हैं। कुछ चेहरे बदले भी जा सकते हैं। वैसे इस मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही बोर्ड व निगमों के चेयरमैन पदों को भरने का भी जननायक जनता पार्टी की ओर से दबाव रहेगा। बताते हैं कि भाजपा व जजपा गठबंधन के तहत जजपा को एक दर्जन के करीब बोर्ड व निगमों के पद मिले हैं, जिसके क्रम में सरकार द्वारा की गई कतिपय कार्यवाही से भी इन चर्चाओं को बल मिला है। कह सकते हैं कि गठबंधन की जरूरतों के चलते देर–सवेर मनोहर सरकार को इन पदों पर नियुक्तियों को हरी झंडी देनी ही पड़ेगी।

## कविता

### नये साल में ...

चलो मिल के रब से करें सब दुआएँ,
नये साल में हम नये गम न पाएं ।।

हवाएँ चलें हर सू उल्फत की या रब,
कोई नफरतों वाला मौसम न पाएं ।।

सभी के लबों पर हों नग्मे खुशी के,
जहाँ में कोरोना सा मातम न पाएं ।।

न हों कैद घर में, न भटकें सफर में,
कोई लाकडाउन कभी हम न पाएं ।।

कोई नंगा भूखा रहे न जमीं पर,
किसी आंख में अश्क अब जम न पाएं ।।

खिलें अम्न के फूल अब हर चमन में,
कहीं जुल्मो दहशत, कहीं बम न पाएं ।।

चलें साथ मिलकर, रहें सबसे आगे,
दुआ नियाज की है कदम थम न पाएं ।।



**दैनिक बुद्ध का संदेश/रचनाकार– नियाज कपिलवस्तुवी**

# कानून ही नहीं, अवसरों की भी जरूरत

**अब लड़कियों की शादी की उम्र तीन साल बढ़ा देने से तो श्यौन अपराधियोंश की संख्या तो निश्चित तौर पर बढ़ेगी। तो क्या हम पुलिसिया अंदाज में उनकी हरकतों को अपराध मानकर सजा देंगे या किशोरवय बच्चों को पहले से जागरूक किया जाएगा। लड़कियों के पीछे रह जाने की और भी कई वजह हैं। जैसे मां–बाप पहले लड़कियों का ब्याह कर अपने सिर का बोझ हल्का करना चाहते हैं....**

सरस्वती रमेश

लोग कहते हैं कानून के हाथ लंबे होते हैं। मगर देखने में मिलता है कि कई मामलों में ये हाथ सिकुड़ कर रह जाते हैं। विवाह के मामले में भी कुछ ऐसा ही होता है। विश्वास न हो तो आजमगढ़, बलिया, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी जैसे किसी भी कस्बाई नगर में चले जाइये। वहां किसी भी सड़क पर 15–20 मिनट खड़े हो जाइए। सड़क पर आती–जाती माथे पर सिंदूर लगाए किशोरियों को देखिए और गिन लीजिए उनकी संख्या। आपको पता चल जाएगा 18 वर्ष से कम उम्र की कितनी लड़कियां शादीशुदा हैं और लड़कियों की शादी के लिए तय उम्र की जमीनी हकीकत क्या है। सड़कों पर आपको प्राइमरी डेटा मिल जाएगा।



अब जरा सेकंडरी डेटा पर गौर फरमाइये। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015–16) के अनुसार 56 प्रतिशत लड़कियों की शादी 21 वर्ष से कम उम्र में हो जाती है। गरीब आबादी के बीच यह संख्या 75 प्रतिशत के आसपास है। मतलब लड़कियों की शादी के मामले में अब तक के सारे कानूनों की पकड़ ढीली साबित हुई है। मतलब कानून बने तो कानून का पालन भी सख्ती से होना चाहिए। लड़कियों की शादी कम उम्र में हो रही है। हमारी सरकार इसके दुष्प्रभावों से चिंतित थी। स्थिति में सुधार के लिए सरकार लगभग डेढ़ साल से हाथ–पैर चला रही थी। और अब एक नया कानून बनने जा रहा है। अब 21 वर्ष से कम उम्र में लड़कियों की शादी कानूनन जुर्म होगा। इसकी जरूरत बताते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में कहा कि लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्युदर में कमी, उनकी सेहत की रक्षा करना और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्हें बढ़ावा देना है। मगर सोचने की जरूरत है कि क्या वाकई यह कानून से जुड़ा श्पुलिसिया मामलाश्च है या इसके तार कहीं और से जुड़े हैं। जहां तक मातृ मृत्यु दर का प्रश्न है तो यह सच है कि अधिकतर लड़कियां कम उम्र में मां बनकर प्रसव के दौरान होने वाली कांप्लिकेशंस से मर जाती हैं। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि वे सब जागरूकता के अभाव और अशिक्षा के चलते समय से पहले बनी मांएं थीं। इनमें अधिकतर महिलाएं मेडिकल सुविधाओं, बेहतर चिकित्सकों के अभाव, अस्पतालों में होने वाली लापरवाही की भी शिकार होकर अपनी जान से हाथ धो देती हैं।

कच्ची उम्र में मां बनने की इतनी बड़ी संख्या होने की एक और बड़ी वजह यह कि हमारे समाज में कोई भी स्त्री मां बनने से पहले यह नहीं सोचती कि उसका शरीर मां बनने के योग्य है या नहीं। अधिकतर औरतें खुद से कभी यह सवाल नहीं पूछती कि क्या वे वास्तव में मां बनने के लिए तैयार हैं या नहीं। वह समाज के दबाव, परिवार की इच्छा और परंपरा का निर्वाह करने के लिए मां बनती हैं।

जहां तक जच्चा–बच्चा की सेहत का मसला है तो यह सीधे उनके पारिवारिक बैकग्राउंड और उनकी आर्थिक स्थिति से जुड़ा हुआ है। गरीब परिवार में जन्मे बच्चे कुपोषण व अन्य बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। जबकि संपन्न परिवार में जन्मे बच्चे चाहे वह लड़की हो या लड़का, अच्छे खान–पान व पोषण के कारण स्वस्थ रहते हैं। गरीब परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सुधारने का प्रयास करना होगा। समय के साथ एक नई समस्या भी उभरी है। यह समस्या है कम उम्र में ही विपरीत सेक्स के प्रति यौन आकर्षण का उभरना।

अब लड़कियों की शादी की उम्र तीन साल बढ़ा देने से तो श्यौन अपराधियोंश्च की संख्या तो निश्चित तौर पर बढ़ेगी। तो क्या हम पुलिसिया अंदाज में उनकी हरकतों को अपराध मानकर सजा देंगे या किशोरवय बच्चों को पहले से जागरूक किया जाएगा। लड़कियों के पीछे रह जाने की और भी कई वजह हैं। जैसे मां–बाप पहले लड़कियों का ब्याह कर अपने सिर का बोझ हल्का करना चाहते हैं। दरअसल, मूल समस्या सही शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार के अवसरों की कमी रही है। यदि बारहवीं के बाद लड़कियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए तो शायद मां–बाप सहर्ष उसे स्वीकार कर उनकी शादी टाल सकते हैं। और फिर कमाने वाली महिला अपने विवाह से जुड़े फैसले खुद ले सकेगी।

# टकराव खत्म करने का शांतिपूर्ण तरीका

**इसी तरह अर्धसैन्य बल का उपयोग अत्यंत हिंसा और गड़बड़ी वाली स्थिति से निपटने हेतु बना है न कि रोजमर्रा की कानून–व्यवस्था को संभालने को। किसी भी सूरत में, इनका इस्तेमाल आतंकवादियों, कट्टरवादी और देश को अस्थिर करने पर बाजिद हुए संगठनों के खिलाफ करने के लिए है, रोजाना की कानून–व्यवस्था का हल हेतु तो कतई नहीं। दूसरी ओर आंध्र प्रदेश ने विद्रोही गतिविधियों का ...**

गुरबचन जगत

फिलहाल किसान आंदोलन स्थगित है। तीन कृषि सुधार कानूनों को यूनियनों और किसानों के विरोध की आशंका भांपकर अध्यादेश के जरिए लागू किया गया था। इनको बनाते वक्त न तो कृषकों की राय ली, न संसद में चर्चा हुई और न ही किसी संसदीय समिति से सलाह ली गई। इस एकतरफा कार्रवाई ने अभूतपूर्व आंदोलन को जन्म दिया, जो एक साल से ज्यादा चला। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान इत्यादि से आए लाखों कृषकों ने दिल्ली सीमा पर चले धरनों में भाग लिया। सरकार द्वारा किसानों की ज्यादातर मांगों को मानने से आंदोलन को उल्लेखनीय सफलता मिली। यदि पहले ही सलाह–मशविरा या संसद में बहस होती तो ये नौबत न आती। अतरू एकतरफा कार्यकारी शक्ति प्रयोग और संसद को पूरी तरह दरकिनार करने से यह टकराव पैदा हुआ। विडंबना है कि लोकतांत्रिक ढंग से चुनकर आई सरकार ऐसा व्यवहार करे। संसद व संसदीय बहसें प्रजातंत्र का मूल अवयव होती हैं। अफसोस, आज इस प्रक्रिया को नजरअंदाज किया जा रहा है। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के अहम विषय जैसे कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की घुसपैठ, लॉकडाउन में मजदूर पलायन, कोविड इत्यादि पर भी अन्यों से विमर्श करना गवारा नहीं किया। आजादी पूर्व महात्मा गांधी ने सफलतापूर्वक अहिंसक जन आंदोलन चलाए थे। इसी तरह मार्टिन लूथर किंग की अगुवाई में 1950 के दशक में रंगभेद ग्रस्त अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन हुआ था। क्या वर्तमान सरकार यही चाहती है कि लोगों के पास अपनी मांगों को लेकर बड़ा आंदोलन करना ही एकमात्र रास्ता बचे। इन पर भी ध्यान तब जब चुनाव हारने का डर आसन्न हो? भारत एक उप–महाद्वीप है जहां विश्व आबादी का छठवां हिस्सा बसता हैदृअतएव जिंदगी के अनेकानेक पहलुओं पर मतांतर होना स्वाभाविक है। तथापि इन मतभेदों को आंदोलन में तब्दील होने देना, विशेषकर अनसुलझे टकरावों में, इससे आगे सशस्त्र विद्रोह जन्म लेते हैं, यही हुआ और यह कालांतर में केंद्र व राज्यों में आई विभिन्न सरकारों की विफलता का नतीजा है। केंद्र सरकार ने इन टकरावों में और इजाफा किया । आइए, कुछ बड़े टकरावों पर नजर डालें जो लंबे समय से देश में ज्वलंत हैं। उदाहरणार्थ पिछले कुछ दशकों से छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र के हिस्सों में व्याप्त माओवादी आंदोलन, इसमें दोनों पक्षों की सैकड़ों जानें गईं। कारोबार हेतु कॉर्पोरेट जगत को किसी भी तरह श्शांतिय चाहिए। साथ ही आर्थिकी हेतु प्राकृतिक स्रोतों की खोज व इस्तेमाल की आतुरता रहती है। दरअसल, समस्या संसाधनों के असमान वितरण में है, यानी इसके नैसर्गिक मालिक स्थानीय लोगों और बाहरी मुनाफाखोरों के बीच। हालिया विश्व असमानता रिपोर्ट के अनुसार देश का 65 फीसदी घरेलू सरमाया 10 प्रतिशत हाथों में सिमटा है। यही समस्या की जड़ हैदृचहेते पूंजीपतियों को बढ़ावा और उनकी कंपनियों को स्रोतों एवं लोगों की दोहन की छूट जनजातीय क्षेत्रों में ज्यादा दिखाई देती है। फिर विरोध स्वरूप पैदा संघर्ष को धधकने दिया जाता है क्योंकि इससे सत्तासीनों का स्वार्थ सधता है। जायज समस्याओं पर बातचीत का सतत प्रयास नहीं होता। संवाद की अनुपस्थिति में सरकारें स्थिति से निपटने को विशेष शक्ति और कानून बनाकर व केंद्रीय सशस्त्र बल व अनाड़ी राज्य पुलिस बल तैनाती के उपाय करती हैं। इससे अंतहीन टकराव स्थानीय लोगों के दमन–चक्र में बदलता है। दमन से क्षुब्ध समाज के कुछ वर्ग हिंसक प्रतिक्रिया चुनते हैं। हालांकि ऐसा रास्ता कोई समाधान नहीं है, बल्कि इसकी बड़ी कीमत चुकानी होती है। लगता है लोगों के पास अब शांतिपूर्ण आंदोलन करना और स्थानीय नेतृत्व से लंबा चलाने का एकमात्र विकल्प बचा है। वही राह, जिससे हमें आजादी मिली। एक ऐसा जन–आंदोलन, जिससे सत्ताधीशों को चुनावी हार का डर सताए। यही व्यवहार्य राह बची है। इसी तरह देश का उत्तर–पूरबी भाग दशकों से अस्थिर है। इस मामले में, केंद्र द्वारा वहां का निजाम अधिकांश समय रिमोट कंट्रोल के जरिए चलाने वाली व्यवस्था के परिणाम बेहतर नहीं रहे। दिल्ली में बैठे नौकरशाह वहां की स्थिति से निपटते रहे, वह भी ज्यादातर संयुक्त–सचिव स्तर वाले। आलम यह था, बहुत सालों तक मुख्यमंत्री उक्त संयुक्त–सचिवों नौकरशाहों से ही मिल पाता था, उनसे ऊपर किसी से नहीं। यह रवैया नेताओं व स्थानीय लोगों के लिए अपमानजनक था। इन अधिकांश राज्यों में दशकों से लागू सशस्त्र बल विशेष शक्ति अधिनियम (अफस्पा) नागरिक को तंग करने के अलावा कुछ विशेष नहीं रहा। इस व्यवस्था का होना ही एक असफल सरकार का द्योतक है न कि खास हालातों का, जैसा कि हमें यकीन दिलाने को बताया जाता है। तिस पर प्रशासन भ्रष्ट और अप्रभावी है और राजनेताओं की मिलीभगत है। सीमा जगह–जगह खुली है। विद्रोही लड़ाकों की आवाजाही से छोटे हथियार, गोला–बारूद व नशीले पदार्थों की आमद होती है। बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार से विशेष विकास फंड और विशेष विभागों का गठन स्थानीय लोगों की समस्याओं को दूर करने में निष्प्रभावी रहे हैं। विभिन्न फंड व विभागों में भर्तियों का बड़ा भाग सरकारी कर्मियों और भूमिगत तत्वों के बीच बंट जाता है। तथ्य तो यह है कि नागालैंड–मणिपुर जैसी जगहों में, फंड का अधिकांश हिस्सा अंदरखाते भूमिगत तत्वों तक पहुंचता रहा है। इसके अलावा ट्रांसपोर्टरों, व्यवसायियों और दुकानदारों से श्टैक्सश्च अलग से उगाहते हैं। बंद–हड़तालें थोपकर ये लोग सूबे और लोगों को बंधक बनाए हुए हैं। नागालैंड में शांति–स्थापना समझौते के बाद सरकार एक तरह से भूमिगत तत्व चला रहे हैं। यूं तो मध्यस्थ वार्ताकार दो दशकों से परिदृश्य पर हैं, लेकिन दिखाई न देने वाले परिणाम के साथ। हमेशा कहा जाता है कि हल बस अगले मोड़ पर है, लेकिन मोड़ कभी नहीं आता। इसलिए स्वार्थी तत्वों को बीच में डाले बिना सरकार और लोगों के बीच सीधी बातचीत जरूरी है। नागालैंड और मणिपुर में सिविल अधिकार आंदोलनकर्ता इस तरह का संवाद बनाने में मजबूत और समर्थ हैं। हो सकता है इनके न होने पर वे शांतिपूर्ण जन–आंदोलन की राह अपनाएं। सरकार और लोगों के बीच अविश्वास की गहरी खाई है, टकराव का हल निकालने को उसे पाटना होगा। इसकी पहल सरकार करे। एक स्वच्छ–ईमानदार प्रशासन का विकल्प मुफ्त की वस्तुएं–रियायतें नहीं बन सकती, जो जनता को लगाया जाना वाला नया नशा है। समस्या में आगे जटिलता हमारी आपराधिक न्याय व्यवस्था की विफलता से बनी है। राजनेता हर हुक्म बजाने को उद्यत अफसरों और न्याय व्यवस्था के सदस्यों की मार्फत इसका इस्तेमाल अपने हिसाब से कर रहे हैं। इन सरकारों ने विशेष आपातकालीन शक्तियों का निर्माण कर बड़े पैमाने पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती और सेना बुलाने का इंतजाम कर रखा है। सेना एक वह खड्ग है, जिससे बाहरी दुश्मन से बचाव किया जाता है। चीन–पाकिस्तान से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूदा स्थिति के मद्देनजर उसकी उपस्थिति वहां होना और भी ज्यादा महत्वपूर्ण है।



# गोला में होगा शनिवार को सरयू महोत्सव का भव्य आयोजन

## जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गोरखपुर शत्रुघ्न कसौधन



दैनिक बुद्ध का संदेश
गोला/गोरखपुर। आदर्श नगर पंचायत गोला में हर साल की भांति इस साल भी पहली जनवरी 2022 दिन शनिवार को नव वर्ष के अवसर पर मां सरयू के पावन तट पर मां सरयू महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। बता दें कि सरयू महोत्सव का भव्य आयोजन दिन में 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिसमें भगवान भोलेनाथ का शिव चर्चा शाम 5 बजे मां सरयू की भव्य आरती व दीपदान के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गोरखपुर व जिला योजना समिति सदस्य नगर पंचायत गोला शत्रुघ्न कसौधन ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज करके कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## नव वर्ष पर वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद वासियों को दीया हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोरखपुर। नववर्ष के आगमनपर एडीजी जोन अखिल कुमार डीआईजी जे रविंद्र गौड कमिश्नर रवि कुमार एनजी जिलाधिकारी विजय किरन आनंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार जीडीए उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह सीडीओ इंद्रजीत सिंह नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने नव वर्ष 2022 की जनपद वासियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि 2022 पूरे वर्ष खुशी उल्लास के साथ अपना जीवन व्यापम खुशियों के साथ बिताए यही हमारी मनोकामना है। डीएम ने कहा कि यहां के लोग अच्छे हैं। विकास में मदद करते हैं। फर्टिलाइजर एम्स शुरू हो गए हैं रोजगार का अवसर बढ़ेगा। कई और कंपनी यहां फैक्ट्री खोलने को लेकर जगह देख रहे हैं। यहां बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने आमजनों से आग्रह किया कि गलत काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन पब्लिक हित में कार्य कर रही है। इस नव वर्ष पर विकास की गति और तेज होगी। जनपद का विकास सभी के सहयोग से होगा शहर का चहुंमुखी विकास होगा। शहर को सुंदर बनाने का सपना मैंने देखा था उस पर काम हो रहा है। इस वर्ष तेजी से होगा। विकास में आमजन की भागीदारी जरूरी होती है। यहां के लोग विकास के गवाह बनते हैं। जनपद वासियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।





## दोहरीघाट रेल लाइन का रास्ता पूरी तरह साफ, जमीन की अधिग्रहण के लिए जारी हुए 20 करोड़

दैनिक बुद्ध का संदेश
गोरखपुर। गोरखपुर की सहजनवा–दोहरीघाट रेल लाइन परियोजना में जमीन अधिग्रहण के लिए केन्द्र सरकार ने 20 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही 1320.75 करोड़ की इस रेललाइन परियोजना का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया है। इस रेल लाइन के लिए 535 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। अधिग्रहण के लिए रेलवे ने कुछ गांवों की सूची जिला प्रशासन को भेज दी है। सहजनवा से दोहरीघाट के बीच बनाए जाने वाले 12 स्टेशनों में एक जंक्शन, सात क्रासिंग स्टेशन और चार हाल्ट बनाने का खाका खींचा जा रहा है। इसमें सहजनवा, खजनी, उनवल, बांसगांव, गोला बाजार, बड़हलगंज, दोहरीघाट स्टेशन समेत चार हाल्ट शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने से गोरखपुर से बनारस की दूरी 30 किलोमीटर कम हो जाएगी। वहीं इस रेल मार्ग से लोग बलिया, छपरा, दिल्ली, लखनऊ समेत अन्य महानगरों में जाने के लिए सीधे रेल सेवा से जुड़ जाएंगे। साथ ही विकास के द्वार भी खुलेंगे। नई रेल लाइन के लिए 535 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। भूमि का प्लान तैयार कर उसका सत्यापन किया जा रहा है। 52 हेक्टेयर भूमि का प्रस्ताव संबंधित जिला प्रशासन को भेजा गया है। पंकज कुमार सिंह, सीपीआरओ।

# बलिदानी गंगासागर के जन्मस्थली की मिट्टी भेजी गई गोरखपुर

देवरिया। जम्मू–कश्मीर के राजौरी में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए अपना बलिदान देने वाले सलेमपुर विकास खंड के ग्राम श्रीनगर के बलिदानी गंगा सागर यादव उर्फ भूलन के जन्मस्थली की मिट्टी गोरखपुर में मनाए जाने वाले आजादी का रंगोत्सव कार्यक्रम में दर्शनार्थ रखी जाएगी।. देर शाम उनके जन्म स्थल की मिट्टी राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर भेज दी गई। 16 अगस्त 2003 को जम्मू–कश्मीर के राजौरी में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए अपना बलिदान दिया था। उनके सम्मान में गांव के चौराहे पर प्रतिमा लगी है। प्रतिमा, घर व उनके खेत की मिट्टी राजकीय बौद्ध संग्रहालय रामगढ़ ताल गोरखपुर भेजी गई है। पत्नी सुमित्रा देवी, पुत्र सुनील यादव उस समय भावुक हो गए जब मिट्टी गोरखपुर भेजी गई। वहीं भागलपुर विकास खंड के कैलानी के रहने वाले बलिदानी बीएसएफ जवान उग्रसेन सिंह की भी मिट्टी मंगाई गई है। यह कश्मीर के गुलाम नगर में आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी के दौरान 16 अगस्त 1992 को बलिदानी हो गए थे। इसी विकास खंड के गहिला के रहने वाले सीआरपीएफ के सातवीं बटालियन के लांस नायक उमेश यादव भी 27 नवंबर 1997 को बलिदानी हो गए थे। उनकी भी मिट्टी संग्रहालय में रखी जाएगी। स्वतंत्रता संग्रह सेनानी व बलिदानियों के जन्मस्थल की भेजी गई मिट्टी

आजादी के 75वीं वर्षगांठ व चौरीचौरा की एतिहासिक घटना के 100 वर्ष पूरा होने पर पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि इस क्रम में ही स्वतंत्रता स्थलों तथा अमर बलिदानियों के गांवों की पवित्र मिट्टी कलश में रखकर राजकीय बौद्ध संग्रहालय रामगढ़ ताल गोरखपुर में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के 24 स्वतंत्रता स्थलों तथा अमर बलिदानियों के गांवों की पवित्र मिट्टी विभिन्न कलश में भर कर गोरखपुर भेज दिया गया है।

# सीडीओ ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

देवरिया। प्रभारी डीएमध्मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार रात व्यापारियों की समस्या से रूबरू हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विकास भवन स्थित कार्यालय में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल की अगवाई में पहुंचे व्यापारियों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। व्यापारियों ने कोआपरेटिव चौराहे के समीप से विस्थापित दुकानदारों को दुकान आवंटित करने, जलकल रोड व राघवनगर की सड़क की मरम्मत का मुद्दा उठाया। जिस पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह ने दुकान बनाने के लिए टेंडर होने की जानकारी दी। कहा कि जलकल रोड का निर्माण तीन जनवरी 2022 से शुरू होगा।

शहर में पार्किंग के लिए कई जगहों को देखा गया है। व्यापारियों ने कहा कि जानकारी मिल रही है कि मोतीलाल रोड, जलकल रोड व साकेत नगर की सड़क को चौड़ा करने के नाम पर तोड़ा जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने तोड़े जाने से इंकार किया। विस्थापित दुकानदारों को दुकान आवंटित किए जाने के संबंध में अगली बैठक में चर्चा किए जाने की सहमति बनी। व्यापारियों ने राजकीय औद्योगिक क्षेत्र पुरवा समेत अन्य क्षेत्रों में खाली पड़े प्लाट को नए सिरे से पात्र लोगों को आवंटित करने की मांग की। कई व्यापारी औद्योगिक क्षेत्र में योगदान देने के इच्छुक दिखे। इसको लेकर उद्योग विभाग की तरफ से जल्द ही कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रेम अग्रवाल, उपेंद्रनाथ त्रिपाठी, पुरुषोत्तम भरोदिया, योगेश सिंह, अमित मोदनवाल, विष्णु अग्रवाल, मुन्ना गुप्ता, जवाहर बरनवाल, वासुदेव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षु आइएएस ने ग्रामीण जीवन का किया अध्ययन

महराजगंज। भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु आइएएस दल ने जिले की पांच ग्राम पंचायतों में गांव वालों से मिलकर वहां के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों से जानकारी साझा की। ग्रामीण जीवन का अध्ययन किया। पांच ग्राम पंचायतों में 30 प्रशिक्षु आइएएस, आइपीएस, आइआरएस अधिकारियों ने भ्रमण कर जायजा लिया। प्रशिक्षु अधिकारी परतावल विकास खंड के श्यामदेउरवा, नौतनवा के जिगनिहा व हनुमान गढिघ्या, बृजमनगंज के नैनसर के गांवों का अध्ययन करने में जुटे हैं। श्यामदेउरवा संवाददाता के अनुसार पंचायत भवन में ठहरे आइएएस प्रशिक्षुओं ने चौपाल के द्वारा सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। रास्ता, जल निकासी, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा और पुलिस कार्य प्रणाली के बारे में चर्चा की। फिर टीम परतावल ब्लाक पर गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी विनय पांडेय, विकास सिंह, लेखपाल रुद्र प्रताप, रोजगार सेवक अभिषेक पांडेय, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, शिक्षक प्रधान जनार्दन यादव आदि ग्रामीण मौजूद रहे। परसामलिक संवाददाता के अनुसार जिगिना पंचायत भवन परिसर में प्रशिक्षु अधिकारी विकास यादव, कनिष्क, नियोनी, चौतन्य, अनमोलन, रीना प्रधान ने स्वच्छ भारत मिशन योजना के बारे में ग्रामीणों से बातचीत की। लेखपाल सरजू प्रसाद शर्मा ने चूने से गांव का नक्शा बनाकर गांव की सीमा को दिखाया तथा जातिवार परिवारों की स्थिति, धार्मिक स्थलों के बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी रंजय गौड़, ग्राम प्रधान रामनयन, पूर्व प्रधानाचार्य राजेश्वर सिंह, रोजगार सेवक रवि भूषण सिंह मौजूद रहे। जबकि हनुमानगढिघ्या गांव में प्रशिक्षु अधिकारी सुरेश, अक्षय, अतुल त्यागी, मो. हैरिश, चांदनी चौहान, रुक्मिणी आदि ने गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से बातचीत की तथा राशन वितरण व्यवस्था को देखा। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय में एमडीएम व्यवस्था के बारे में यशोदानन्द भारती, प्रधानाध्यापक अखिलेश गुप्ता, रामबेलास प्रसाद, वशिष्ठ मुनि दुबे आदि से जानकारी ली। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी योगेश मद्धेशिया, ग्राम प्रधान माया, रमफल, रामकमल, कुंडल आदि मौजूद रहे।

# पराजित टीम को निराशा छोड़ अपने बेहतर खेल पर ध्यान देना चाहिए– गुड्डू खान

दैनिक बुद्ध का संदेश
नौतनवां। वार्ड नं0 1 इंद्रा नगर नौतनवा के भूतहिया नाम से प्रसिद्ध ग्राउण्ड पर बिगत 8 दिनों से चल रहे स्व0 विजय बहादुर सिंह मेमोरियल कैनवस बाल दुक्की राउंड क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान' ने स्व0 विजय बहादुर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बैटिंग कर अपना हाथ आजमाया। इस समापन मैच का टॉस मुंडेरी क्रिकेट क्लब बरगदवा ने जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बैटिंग करने उतरी आर0यन0 क्रिकेट क्लब नौतनवा की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर कुल 33 रन बनाए जिसमे सन्नी थापा ने अधिकतम 12 रन बनाकर अपनी टीम को मजबूती प्रदान किया। जबाब में उतरी मुंडेरी क्रिकेट क्लब बरगदवा ने 33 रन का पीछा करते हुए 7 ओवर में कुल 35 रन बनाकर टीम को जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी दिकर हौसला बढ़ाया। विजेता टीम की तरफ से नितेश ने 14 रन बनाकर मैन आफ दी मैच व मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार हासिल किया। खिलाड़ियों का उत्त्साहवर्धन करते हुए 'मुख्य अतिथि' ने कहा कि कोई भी खेल शरीर व मन दोनों को स्वस्थ रखता है, सभी खिलाड़ियों को खेल के दोनो पहलू 'हार व जीत, को स्वीकार करना चाहिए। जीते खिलाड़ियों का उत्साह तो चरम पर होता है पर पराजित टीम को निराशा छोड़ अपने बेहतर खेल पर ध्यान देना चाहिए। ऋषभ श्रीवास्तव ने मनमोहक व जोशीले कमेंट्री कर दर्शकों व खिलाड़ियों का खूब मनोरंजन किया, मैच में रविन्द्र जायसवाल व अमर चौधरी ने अपने ऐतिहासिक निर्णय के दम पर पक्ष व विपक्ष दिनों टीम के खिलाड़ियों के दिलो में अपनी अलग जगह बनाने में कामयाब रहे, वही स्कोरर की भूमिका को अमित मौर्या ने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाया। इस अवसर पर सभासद शाहनवाज खान, भानू कुमार, राजकुमार गौड़, प्रमोद पाठक, खुर्शेद आलम, कमाल अहमद, उमेश कुमार,आशीष वर्मा के अलावा सैकड़ो दर्शक उपस्थित रहे।









# पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का हुआ आयोजन

अनंत मिश्राध्दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड उसका बाजार के ग्राम







पंचायत सुगही में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन किया गया मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सावन ने फीता काटकर की शिविर में आए हुए पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहे कि पशुओं को अगर कोई समस्याएं आती है बीमार होती है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं पशु चिकित्सा अधिकारी उसका बाजार डॉक्टर ए के सिंह ने बताया कि अस्पताल में सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध है और मेले में निः शुल्क दवा दिया जा रहा है मेले में 220 पशुओं का इलाज एवं दवा वितरण निः शुल्क किया गया किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया है। जितेंद्र कुमार, रमेशचंद्र पाठक, ओम प्रकाश पाठक, पुरुषत्तम, अनिल आदि लोग रहे मौजूद।

## जन विश्वास याता जिले के बर्डर पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश
बांसी/सिद्धार्थनगर। ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि काफी देर से बांसी विधानसभा के बॉर्डर पर मौजूद थे। यात्रा के पहुंचते ही मोदी योगी जय श्री राम के नारों के साथ यात्रा में साथ चल रहे नेताओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिवादन किया गया रथ से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा 2017 से पहले प्रदेश में गुंडागर्दी का माहौल था जनता में भय व्याप्त था भय के माहौल को समाप्त करने के लिए योगी सरकार ने माफिया गिरोहों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की एवं उनकी अकूत अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलवा दी उन्होंने कहा कि प्रदेश में 150 से अधिक एनकाउंटर 11864 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया जिसका परिणाम है 2017 से आज तक प्रदेश में कोई भी संप्रदायिक दंगा नहीं हुआ स्वागत सभा को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा 15 करोड लोगों को मुफ्त राशन देने का कार्य डबल इंजन वाली सरकार ने किया सांसद ने कहा कि जन विश्वास यात्रा में जनता का अपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है जिससे विपक्षी पार्टियों की नीद गायब हो चुकी है जल शक्ति मंत्री डॉ.महेंद्र सिंह ने कहा सपा आतंकवादियों के मुकदमे वापस लिए कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए सरकारी धन दिया वर्ग विशेष के छात्रों को छात्रवृत्ति देने की व्यवस्था बनाया परंतु योगी सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के तहत बिना भेदभाव किये एक करोड़ युवाओं को फ्री में स्मार्टफोन एवं टेबलेट वितरण करने का कार्य किया डॉ महेंद्र सिंह ने कहा कीराम मंदिर का विरोध करने वाले लोग आज मंदिर मंदिर माथा टेक रहे हैं यह हमारी राष्ट्रवादी सरकार की स्पष्ट नीतियों के कारण दिख रहा है मीडिया प्रभारी आशीष शुक्ल।

# साधु संतों के साथ बीते वर्ष को अलविदा करते हुए, नए वर्ष का करेंगे स्वागतः बैजु यादव



दैनिक बुद्ध का संदेश
महराजगंज। बीते वर्ष 2021 को अलविदा कहने और 2022 का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में सरहदी क्षेत्र के साधु संत सोनौली नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर स्थित गजरज्योतिया माता काली के मंदिर पर भव्य भंडारा एवं कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के नेता यूजनसभा के प्रदेश सचिव बैजू यादव की देखरेख में संपन्न हो रहा है। आज शुक्रवार की दोपहर को बड़ी संख्या में सरहदी क्षेत्र के साधु संत काली मंदिर पर एकत्रित होकर भंडारा कार्यक्रम में जुट गए हैं। भंडारा कार्यक्रम दोपहर और शाम दो शिफ्ट में चलेगा। इस भंडारा कार्यक्रम का उद्देश्य देश में अमन शांति और नगर पंचायत क्षेत्र को बहुमुखी विकास के लिए ईश्वर से प्रार्थना करने की है। सभी साधु संत 2021 को अलविदा कहते हुए 2022 का भजन कीर्तन के बीच स्वागत करेंगे। भंडारा कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश सचिव बैजू यादव ने बताया कि बड़ी संख्या में साधु संत काली मंदिर उपस्थित होकर हमें आशीर्वाद देने के लिए एकत्रित हुए हैं। साधु संतों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण कर उनसे आशीष प्राप्त किया जाएगा। बता दें कि प्रतिवर्ष बैजू यादव काली माता मंदिर पर साधु संतों के बीच नव वर्ष को मनाते हैं, और बीते वर्ष को अलविदा कहते हैं। इस मौके पर सभासद सुरेंद्र विश्वकर्मा सुनील मद्धेशिया, रामदास प्रसाद, अली सेर, राजकुमार नायक, नीरज गुप्ता, सोहन मद्देशिया, कर्महुसैन निजामुद्दीन, बाबूराम यादव, विजय यादव, परशुराम सहानी, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग सम्मेलन चोपन में हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा का जिला सम्मेलन ओबरा विधानसभा के ग्रामवासी सेवा संस्थान चोपन में संपन्न हुआ सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि उत्तर प्रदेश सरकार उर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर पटेल उपस्थित रहे, सम्मेलन का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि रमाशंकर पटेल समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे और पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र पटेल ने दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र पटेल व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि उर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र के सात तो उत्तर प्रदेश के पांच सालो मे वह करके दिखाया जो 70 वर्षो में नही हुआ था आज देश का शासन जहां प्रधानमंत्री मोदी जैसे विकास पुरुष के हाथ में है तो उत्तर प्रदेश की सत्ता योगी आदित्यनाथ जैसे आदर्शवादी व्यक्ति के हाथ मे है जेवर एअरपोर्ट एक्सप्रेसवे प्रत्येक जिलों मे मेडिकल कालेज आयुष्मान योजना, श्रमकार्ड पारदर्शी भर्तियां किसान योजनाएं जैसे विकास व उपलब्धियां हो रही है भारतीय जनता पार्टी की सरकार व संगठन में सबका साथ सबका विकास को ध्यान मे रखते हुए पिछड़ो एवं अनुसूचित जाति के लोगो को जो वरियता दी गई है वह किसी से आज छिपी नही है केन्द्र और प्रदेश




की सरकार में पिछड़े वर्ग के लोगों को मंत्री बनाकर पिछड़ो का सम्मान किया गया अन्य विपक्षी दल जाति पाति के नाम पर सियासत तो करते है लेकिन सत्ता मे आने के बाद उन्हे कोई लाभ नही दिला पाते भारतीय जनता पार्टी सभी लोगो के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार मे पैसे के बल पर सरकारी नौकरियां दी जाती थी आज योगी जी की सरकार ने साढेघ पांच लाख नौकरी पारदर्शी तरीके से दिया हमने पारदर्शिता के आधार पर नौकरी देने का काम किया 2016 में किसानों का कितना धान खरीदा गया किन्तु 2019 में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के किसानों का 66 लाख मिट्रिक टन धान खरीदने का काम किया उत्तर प्रदेश की सरकार एवं देश की सरकार हम देश के किसानों को मजबूत करने और उनकी आय दुगुनी करने कि दिशा में काम कर रही है उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूर्ववर्ती सरकार में सोचो जो बिजली पैसा राशन का पैसा सड़क का पैसा खा जाते थे आज योगी जी की सरकार में कानून व्यवस्था भी ठीक है तो भ्रष्टाचार भी समाप्त करने का काम किया। आज गरीबों की योजना को अब कोई नहीं लूट सकता आज सारे विपक्षी दलों में बौखलाहट है सब एकजुट होकर मोदी योगी को हटाने के लिए अभियान चलाया है इसलिए हम सभी पिछडे लोगो को एकजुट होकर देश मे मोदी और प्रदेश में योगी को एक बार फिर से लाना है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड़ ने कहाकि 2017 के पहले और 2014 के पहले देश और प्रदेश का क्या हाल था प्रदेश में सपा की सरकार रही हो चाहे बसपा की सरकार रही हो इन दोनो सरकारों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था इन सरकारों मे प्रदेश का विकास नही हुआ जब से भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र में मोदी सरकार व प्रदेश में योगी सरकार बनी तब से प्रदेश भ्रष्टाचार अपराध मुक्त हो गया भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम करती है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी पटेल ने कहा कि आप सभी पिछडे वर्ग से आते है हमारे राष्ट्र के गौरव प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस तरह से देश और प्रदेश का मान बढ़ाने का कार्य कर रहे है आज इस पिछडे वर्ग के सम्मेलन में उमडेध जनसमूह बता रहा है कि जिस तरह से 2017 में आप के सहयोग से जनपद की चारों सीटे भारतीय जनता पार्टी व सहयोगी दल ने जीती थी आने वाले विधानसभा चुनाव में भी 2017 के तरह जनपद की चारों सीटे उससे अधिक मतो से जितेंगे। सम्मेलन में पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र पटेल ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट व धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन में मुख्यरुप से भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य, सदर विधायक भूपेश चौबे, सहकारी बैंक चेयरमैन राजेन्द्र पटेल, गोविन्द यादव, रमेश मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत, ई0 रमेश पटेल, धर्मवीर तिवारी, कृष्णमुरारी निषाद, रामसुन्दर निषाद, देवेन्द्र पटेल, अमरेश पटेल, अशोक मौर्य, मंजू गिरी, चोपन ब्लॉक प्रमुख लीला देवी गोंड, ओबरा चेयरमैन प्राणमती देवी, ओबरा विधानसभा प्रभारी अरविन्द सिंह, सोनी विश्वकर्मा, अमन वर्मा, नार सिंह पटेल, उमेश पटेल सहित भारतीय जनता पार्टी व पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष व जनसमूह उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने किया सुन्दर काण्ड का पाठ

## भगवती सीता की खोज में हनुमान जी पहुंचे लंका

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगर के आटीएस क्लब मैदान में चल रहे श्री राम चरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ के सातवे दिन श्री राम दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात मंचासीन आचार्यों एवं भक्तों गणों ने दिव्य आरती उतारा और यजमान अजय शुक्ला, माधुरी शुक्ला द्वारा मंच पर रुद्राभिषेक भी किया गया। तत्पश्चात परम पूज्य व्यास जी महाराज ने भूदेवो के साथ मानस पाठ प्रारंभ कराया। आचार्य सूर्य लाल मिस्र के आचार्यत्व में स्त्री मंडल सहित अन्य भक्तजनों ने मंच पर बैठकर सुंदरकांड का सास्वर पाठ किया। आचार्य सूर्य लाल मिस्र के आचार्यत्व में सुंदर काण्ड महिला मंडल ग्रूप सहित अन्य भक्तजनों ने मंच पर बैठकर सुंदरकांड का सास्वर पाठ किया। आज की कथा सुंदरकांड पर आधारित थी जिसमें हनुमानजी का लंका को प्रस्थान, सुरसा मान जी के बल बुद्धि की परीक्षा,छाया पकड़ने वाली राक्षसी का वर्णन, लेकिनी पर प्रहार, लंका में प्रवेश हनुमान विभीषण संवाद, हनुमान जी का अशोक वाटिका में सीता को देखकर दुखी होना और रावण का सीता कोभय दिखाना, सीता – हनुमान संवाद, हनुमान, जी द्वारा अशोक वाटिका विध्वंस अक्षय कुमार का वध और मेघनाथ हनुमान जी को नागपाश में बांधा कर सभा में ले जाना, हनुमान रावण संवाद, लंका दहन आदि महत्वपूर्ण दंगों पर प्रकाश डालते तुलसीदास कृत श्री



हुए कहा की– गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस में सुंदरकांड एक महत्वपूर्ण कांड हनुमान रावण संवाद, लंका दहन आदि महत्वपूर्ण दंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा की– गोस्वामी रामचरितमानस में सुंदरकांड एक महत्वपूर्ण कांड हैं जहां पर सभी राम भक्तों की आस्था और विश्वास की झलक उनके कृत्यो से मिलती है, जिसमें राम भक्त हनुमान का प्रमुख स्थान है। जामवंत के कहने पर हनुमानजी को उन्हें अपना बल याद आया और वे हृदय में श्री रघुनाथ जी को धारण कर हर्षित होकर लंका की ओर प्रस्थान किए। श्री हनुमान जी की बुद्धि बल की परीक्षा लेने के लिए देवताओं ने सुरसा नामक सर्पों की माता को भेजा सुरसा की परीक्षा में सफल रहे। और उसने आशीर्वाद देते हुए कहा 'राम काजु सबु करहु तुम्ह बल बुद्धि निधान।

आशीष देई गई सो हरसी चले वह हनुमान। सुरसा के आशीर्वाद से हर्षित होकर हनुमानजी लंका की और प्रस्थान किये और लंका में अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हुए वे माता का दर्शन कर उनसे उनका संदेश चूड़ामण लेकर समुद्र पार करके वापस आ गए। इसके पूर्व रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथा वाचक गोरखपुर से पधारे हेमंत तिवारी और जौनपुर से पधारे विद्यार्थी जी ने भरत जी द्वारा चरण पादुका लेकर राज्य का संचालन, जटायु उद्धार की कथा बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय सह मंत्री अमरीश सिंह, रामचरित मानस समिति नवाह पाठ के महामंत्री सुशील पाठक, संरक्षक इन्द्र देव सिंह, रतन लाल गर्ग, अयोध्या दुबे, मिठाई लाल सोनी, राकेश त्रिपाठी, सत्य प्रताप सिंह, दीपक कुमार केसरवानी, विमलेश पटेल, रविन्द्र पाठक, रविंद्र पाठक, मन्नु पाण्डेय, चंदन चौबे, शुभम शुक्ला, हर्षवर्धन केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

## समाजवादी चिंतक लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि समाजवादी चिंतक लोकबंधु राजनारायण एक ऐसे नेता थे जो हमेशा किसानों एवं




पिछड़ों दलितों एवं आदिवासियों की लड़ाई लड़ने का काम किया करते थे और उनकी लड़ाई के लिए अपने हर मुकाम दांव पर लगा दिया करते थे। उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज पूरे प्रदेश में भ्रमण करते हुए किसानों एवं हर तबके के लोगों का दुख दर्द को सुनने का काम कर रहे हैं और उनकी लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं। जब–जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है वह हर वर्ग को एक साथ लेकर चलने का काम करती हैं। लेकिन वहीं भाजपा सरकार जब से केंद्र एवं प्रदेश में बनी है तब से किसानों और हर वर्ग का शोषण करने का काम कर रही है। इस भाजपा सरकार में बलात्कार हत्या लूट डकैती अपहरण चरम सीमा पर है। इस भाजपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है सस। महिलाओं का जीना दुश्वार हो गया है उनकी दुख दर्द को कोई सुनने वाला नहीं है। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से सदर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पटेल अनिल प्रधान मुकेश सिंह दीनानाथ अग्रवाल राजेश यादव मुस्तफा खान के साथ दर्जनों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता श्रद्धा सुमन अर्पित में सम्मिलित थे।

## अपना दल एस का पटवध में बूथ स्तरीय बैठक आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिधि मंच अभिषेक चौबे का आगमन राबर्ट्सगंज विधानसभा के दक्षिणी जोन



स्थित ग्राम पटवध में हुआ बूथ स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें बूथ पर स्थित कार्यकर्ताओं को अनुप्रिया पटेल केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस के आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को मजबूती से लड़ने व जीतने के मूल मंत्र पर प्रकाश डाला गया तथा बूथ पर संगठित हो कर ही चुनाव में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उक्त कार्यक्रम में विधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक चौबे, एससीध्एसटी मंच के प्रदेश सचिव भाई नागेश्वर गोंड, अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश बियार, अपना दल (एस) बौद्धिक मंच प्रदेश सचिव विवेक कुमार पाण्डेय, राबर्ट्सगंज विधानसभा अध्यक्ष हरिप्रसाद धांगर, विधानसभा महासचिव शंभू नाथ पासवान, मुन्नीलाल खरवार बूथ अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे इस मौके पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की।

## राज नारायण का जीवन संघर्षों में बीताः लालजी यादव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। स्व. राज नारायण भारत एक राजनेता थे। जिन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को रायबरेली लोकसभा सीट से हराया था। उन्हें लोकबंधु भी कहा जाता है। उनका जन्म 23 नवंबर 1917 में वाराणसी जनपद में हुआ था। उनकी मृत्यु 31 दिसम्बर 1986 में दिल्ली में हुआ था। राज नारायण जैसे व्यक्तित्व उनके जाने के बाद दोबारा नहीं आया। यह बांते समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव ने कहीं। वह सपा के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को राज नारायण के पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित



करते हुए कहा कि वह ऐसे शख्सियत थे जिन्होंने तत्कालीन देश की सबसे ताकतवर प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ आवाज उठाई। यादव ने कहा कि अपनी ही सरकार के गलत फैसले के खिलाफ भी गये। इतना साहस विरले लोगों में ही होता है। सही अर्थो में वह राजनीति के पर्याय थे। उनके चरित्र की अगर कल्पना की जाए तो जमींदार घराने में जन्म लेने के बावजूद वह कबीर दास के तरह खड़े नजर आएंगे। सामंती अकड़ से काफी दूर और स्वभाव से सौ फीसद फक्कड़। सबके लिए हर समय सरल व सहज रहने वाले इस समाजवादी नेता का पूरा जीवन संघर्षो में बीता। देश के पहले ऐसे नेता रहे होंगे। जिन्होंने अपने जीवन काल के 70 साल में 80 बार जेल गये थे। इसमें 3 वर्ष आजादी के पहले व 14 वर्ष आजादी के बाद जेल में बंद थे। गोष्ठी को पूर्व विधायक अनिल सिंह, विजय पासवान, महासचिव कमरुजमा खान, फरहान खान, नागेंद्र नाथ चौबे, विजय चौधरी, राम सेवक लोधी, अंबिकेश श्रीवास्तव अनीता द्विवेदी, सुनीता गोस्वामी, सुधा त्रिपाठी, राकेश दूबे, अनिल यादव, केपी कन्नौजिया, दिलीप त्रिपाठी, विजय यादव, चंद्रजीत यादव, इस्तेखार अहमद, डाक्टर वासियों भाई, मोहम्मद हारुन, सुभांगी भारत, शशांक त्रिपाठी, अमित जायसवाल व सोनू यादव ने संबोधित किया। गोष्टी के पूर्व सभी ने लोकबंधु राज नारायण जी के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बूथ बूथ पर लगेगा झंडा–सदर पूर्व विधायकः अविनाश कुशवाहा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बिजौली गांव में सदर पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर पार्टी का झंडा लगाया गया और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि इस भाजपा सरकार में किसानों का जितना शोषण हो रहा है आज तक किसी सरकार में नहीं हुआ



किसान अपनी उपज को बेचने के लिए दर–दर की ठोकर खा रहा है। लेकिन इस भाजपा सरकार में किसानों का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजबूरी में किसान अपनी धान को ओने पौने दाम पर बेचने को मजबूर है। कुशवाहा ने कहा कि किसानों का यदि किसी पार्टी में सम्मान है तो वह समाजवादी पार्टी है। इस कार्यक्रम के तहत सदर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों नौजवानों मजदूरों अल्पसंख्यकों एवं हर तबके के लोगों का शोषण करने का काम कर रही है। भाजपा सरकार में कोई वर्ग खुशहाल नहीं है जनपद सोनभद्र की जनता पूरी तरह से इस भाजपा सरकार से ऊब चुकी है। पटेल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यासागर कुशवाहा आदर्श दीपक सचिन पटेल पश्चिम विहार कोला विश्वकर्मा वंश राज पासवान संजय मौर्य रामबचन बसवान अजहर अली संतोष पासवान हरिशंकर विश्वकर्मा भागवत के साथ दर्जनों कार्यकर्ता एवं सैकड़ों आम जनता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## कोरोनो के तीसरी लहर से स्वास्थ विभाग है अलर्ट– अधीक्षक अविनाश चौधरी

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार में स्वास्थ कर्मचारियों के साथ बैठक किया गया अधिक्षक अविनाश चौधरी ने बताया कि स्वास्थ विभाग अलर्ट है और टीका घर घर जाकर



स्वास्थ विभाग लगा रही है लोगों को अब सचेत होने की आवश्यकता है लोग गंभीरता से रहें सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करे और मास्क जरूर लगाए और वही स्वास्थ कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगो को जागरूक भी करे जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग टीका लगवा पाए और स्वस्थ रहे स्वास्थ कर्मियों को भी बताए कि सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करे और सुरक्षित रहे। बीसीपीएम, मनीष पांडे, आजाद, बिंदुमति मिश्रा आदि आशा, आंगनबाड़ी भी रही मौजूद।

## भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम परः आबिद रजा

### कर्मचारी व अधिकारी भ्रष्टाचार की आकंठ में डूबे– चिंकू यादव





दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के कोडरावनानकार गांव मे शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान मे जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां जनता को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री आबिद रजा ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों की निंदा करते कहा कि बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से आम जनमानस त्रस्त है। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक नहीं पहुंच रहा है। जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। वही चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व सपा प्रत्याशी राम कुमार उर्फ चिंकू यादव ने कहा कि कर्मचारी–अधिकारी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं। इससे आम जनता सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है। लूट, भ्रष्टाचार, हत्या, बलात्कार की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। प्रशासन के लोग मूक दर्शक बने हुए हैं। आम जनता इस जनविरोधी सरकार से तत्काल मुक्ति चाहती है। आगामी विधानसभा चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करें। चौपाल कार्यक्रम में प्रमुख रुप से रघुनंदन पांडे ,सत्नारायण यादव, अनिल गौतम ,अज्जू सिंह, पप्पू मलिक, दिलीप चौरसिया, तिलकराम यादव ,अतीक उर रहमान ,वाजिद अली, बहराइची प्रसाद प्रेमी, विजय यादव ,विजय अग्रहरी, दिलीप पाठक, राजेश चौधरी, यश के मेंहदी, अनिल यादव, दिवाकर यादव, अखिलेश यादव, चिक्कू यादव, रवि शंकर लाल श्रीवास्तव, अंजुम प्रधान ,रसीद चौधरी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता तोताराम वर्मा व संचालन लव कुश तिवारी ने किया।

# फेफड़ों को स्वस्थ रखने में मदद कर सकती हैं ये एक्सरसाइज



प्रदूषित हवा और खराब जीवनशैली जैसे कई कारण हैं, जिनके कारण हमारे फेफड़ों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है और शरीर कई तरह की फेफड़ों से संबंधित समस्याओं से घिर जाता है। इसलिए, शरीर के इस महत्वपूर्ण अंग के स्वास्थ्य पर अतिरिक्त ध्यान देना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जो फेफड़ों को स्वस्थ रखने के साथ ही इनकी कार्यक्षमता को बेहतर करने में मदद कर सकती हैं।

दौडना

फेफड़ों की कार्यक्षमता को बेहतर करने के लिए रोजाना कुछ मिनट दौडना सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। दरअसल, दौड़ते समय फेफड़ों के फूलने की क्षमता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वहीं, दौड़ते समय व्यक्ति के शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं। इन लाभ के लिए हर रोज कम से कम दो किलोमीटर दौडने का लक्ष्य जरूर बनाएं। हालांकि, अगर आपको दौडने में किसी तरह की परेशानी होती है तो कुछ मिनट खुली हवादार और हरियाली जगह में जॉगिंग करें।

साइकिलिंग

साइकिलिंग एक एरोबिक एक्सरसाइज है, जो फेफड़ों को स्वस्थ रखने में काफी मदद कर सकती है। इसके अतिरिक्त, इससे हृदय रोगों का खतरा भी कम होता है। दरअसल, साइकिल चलाते समय दिल की धड़कनें बढ़ जाती हैं, जो शरीर में रक्तसंचार को ठीक करने और हृदय से जुड़ी अन्य बीमारियों के खतरे को कम करने में बहुत मददगार है। इसके लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट तक साइकिलिंग जरूर करें।

लिप ब्रीथिंग एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को आप टीवी देखते–देखते या फिर कोई भी काम करते समय कर सकते हैं। लिप ब्रीथिंग करने के लिए नाक से सामान्य तरीके से सांस लें। इसके बाद होंठों से सांस को इस तरह धीरे–धीरे छोड़ें जैसे कि केक पर लगी मोमबत्तियों को बुझाने के लिए फूंक मारी जाती है। इस क्रम को आप पांच से छह बार या फिर अपनी सुविधानुसार दोहरा सकते हैं। इस एक्सरसाइज से फेफड़े और हृदय के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

बैलून एक्सरसाइज

बैलून एक्सरसाइज भी फेफड़ों को स्वस्थ रखने में काफी मदद कर सकती है। सुनने में भले ही आपको अजीब लगे, लेकिन इस एक्सरसाइज को करने के लिए आपको अपने मुंह से गुब्बारे फुलाने होंगे। दरअसल, गुब्बारा फुलाने के दौरान गहरी सांस लेते है, जिसकी वजह से फेफड़ों में अधिक मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचती है और शरीर में ब्लड ऑक्सीजन की कमी नहीं होती है। इसके अतिरिक्त, इस एक्सरसाइज से पसलियों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

## रिया चक्रवर्ती ने चलाया दिलकश अदाओं का जादू, शेयर की इतनी हॉट तस्वीरें

रिया चक्रवर्ती भारत की जानी–मानी अभिनेत्री हैं और उन्होंने बॉलीवुड में अपनी पहचान बना ली हैं। वहीं लोग उनके फैशन के दीवाने हैं और वो अपने फैंस के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव भी रहती हैं। बता दें रिया चक्रवर्ती की फैन फॉलोइंग भी



काफी अच्छी हैं। वहीं रिया चक्रवर्ती कुछ भी कैरी करें उनकी अदाएं हर शख्स को काफी पसंद आती हैं। रिया ने हाल हीं में एक फोटोशूट करवाया हैं, जिसमें वो काफी हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं। रिया चक्रवर्ती ने लाइट ग्रीन कलर की ड्रेस पहनी हैं जिसमें वो अलग–अलग अदाओं में पोज दे रही हैं। रिया चक्रवर्ती की ने ये फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जिसको काफी पसंद किया जा रहा हैं। रिया चक्रवर्ती की फोटो ने फैंस का दिल जीत लिया हैं और उनके फैंस उनके इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। रिया चक्रवर्ती ने वैस्टर्न ड्रैस में पहले भी कई तस्वीरें शेयर की, जिसमें उनका लुक काफी अलग नजर आता हैं। रिया चक्रवर्ती अपने हर लुक में काफी सेक्सी लगती है, जिसकी वजह से उनके फैंस उनकी फोटोज को शेयर भी करते हैं। रिया चक्रवर्ती के फैंस उनको लुक को इतना पसंद करते हैं कि, वो आज के समय में स्टाइलिश अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं।




## जर्सी को सिनेमाघरों में लाने के लिए शाहिद ने अपनी फीस में की कटौती



देश में कोरोना वायरस का असर दिखना फिर शुरू हो गया है। इन हालातों के मद्देनजर ही शाहिद कपूर की जर्सी की रिलीज टल गई है। फिल्म 31 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। थिएट्रिकल रिलीज के टलने के बाद कई लोग कयास लगा रहे थे कि फिल्म ओटीटी पर आएगी। मेकर्स भी फिल्म को ओटीटी पर लाना चाहते थे। अब चर्चा है कि जर्सी को सिनेमाघरों में लाने के लिए शाहिद ने अपनी फीस में कटौती की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद ने जर्सी को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए अपनी फीस में कटौती की है। एक सूत्र ने कहा, बढ़ते कोरोना मामलों के बाद जर्सी की टीम को पूर्व सूचना मिली थी कि दिल्ली में सिनेमा हॉल जल्द ही बंद हो सकते हैं। फिल्म के आगे के कार्यक्रम को लेकर मेकर्स की कई बैठकें हुईं। उनका पूरा मार्केटिंग अभियान शुरू हो गया था और प्रचार करने के लिए बहुत कुछ नहीं बचा था।

सूत्र की मानें तो मेकर्स ने अपने डिजिटल पार्टनर नेटफ्लिक्स के साथ फिल्म की रिलीज को लेकर बातचीत की थी। कहा जा रहा है कि 31 दिसंबर को जर्सी को सीधे नेटफ्लिक्स पर प्रसारित करने के लिए स्ट्रीमिंग कंपनी ने मोटी रकम ऑफर की थी। यह प्रस्ताव आकर्षक था और प्रोड्यूसर निश्चित रूप से इस डील के लिए सहमत थे। इसी बीच शाहिद फिल्म को सिनेमाघरों में ही लाने पर अड़ गए।

शाहिद का मानना है कि जर्सी सिनेमाघरों में रिलीज होने योग्य फिल्म है। सूत्र ने आगे कहा, फिल्म जर्सी के लिए शाहिद ने 31 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। उन्होंने बिना किसी झिझक के प्रोड्यूसर को कहा कि फिल्म के अतिरिक्त लागत को कम करने के लिए वह अपनी एक्टिंग फीस में कटौती कर लेंगे। खबरों की मानें तो यदि फिल्म का बजट 5–10 करोड़ रुपये बढ़ेगा, तो वह अपनी फीस में से इसका भुगतान करेंगे।

शाहिद के इस प्रस्ताव के बाद प्रोड्यूसर्स फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज के लिए राजी हुए। उम्मीद है कि मेकर्स जल्द नई रिलीज डेट जारी करेंगे। फिल्म के निर्माताओं ने जर्सी की रिलीज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी है।

जर्सी नाम से बनी सुपरहिट तेलुगु फिल्म की यह हिन्दी रीमेक है। गौतम तिन्नुरी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जिन्होंने 2019 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म बनाई थी। फिल्म में मृणाल ठाकुर दिखेंगी। फिल्म में शाहिद के साथ उनके पिता पंकज कपूर भी नजर आएंगे। फिल्म में शाहिद अर्जुन का किरदार निभाएंगे, जो अपने बेटे की इच्छा पूरी करने के लिए अपने उम्र के तीसवें पड़ाव में वापसी करने और भारत के लिए क्रिकेट खेलने का फैसला करते हैं।

बता दें कि जर्सी शाहिद की पहली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म नहीं है। इससे पहले वह क्रिकेट पर आधारित फिल्म दिल बोले हड़िप्पा में नजर आए थे। 2009 में यह फिल्म रिलीज हुई थी, जिसमें शाहिद अभिनेत्री रानी मुखर्जी के साथ देखे गए थे।

## योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दिखेंगी दिशा पटानी और राशि खन्ना




बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा की ने हाल ही में अपनी फिल्म योद्धा की अनाउंसमेंट की है. उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है. इस फिल्म में सिद्धार्थ एंग्री लुक में नजर आने वाले हैं. करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा के तले बन रही फिल्म की अब लीड एक्ट्रेस की अनाउंसमेंट कर दी गई है. करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है. सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ योद्धा में दिशा पाटनी और राशी खन्ना नजर आने वाली हैं. करण ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है जिसमें उन्होंने लीडिंग एक्ट्रेस के फिल्म में ज्वाइन करने की जानकारी दी है. करण जौहर ने लिखा– योद्धा की शानदार और टैलेंटिड फीमेल लीड्स यहां हैं. खूबसूरत, निडर और चार्मिंग दिशा पाटनी का फैमिली में स्वागत है. साथ में राशी खन्ना का भी जो अपनी मासूमियत और स्पार्क रोल में डालती हैं. योद्धा 11 नवंबर 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. दिशा पाटनी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके फिल्म में शामिल होने की जानकारी दी है. इस एक्शन पैक्ड जर्नी को ज्वाइन करने के लिए बहुत खुश हूं. मैं टेक ऑफ के लिए तैयार हूं दोस्तों. योद्धा 11 नवंबर को रिलीज हो रही है. सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बार फिर एक्शन फिल्म से फैंस का दिल जीतने के लिए तैयार हैं. उनकी फिल्म शेरशाह सुपरहिट साबित हुई है. फिल्म में उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ की गई है. अब वो दोबारा एक्शन करते हुए योद्धा में नजर आएंगे. जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं. शाहिद कपूर थे पहली पसंद: आपको बता दें पहले ये फिल्म शाहिद कपूर को ऑफर की गई थी. मगर धर्मा प्रोडक्शन से कुछ अनबन के चलते शाहिद ने इस फिल्म का हिस्सा बनने से मना कर दिया था. जिसके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा को ये फिल्म ऑफर हुई और उन्होंने इस फिल्म के लिए हां कह दी. वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी आखिरी बार फिल्म मलंग में आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आईं थीं. इस फिल्म को सिनेमाघरों में काफी पसंद किया गया था. इसके अलावा वह जॉन अब्राहम के साथ एक विलेन 2 में नजर आने वाली हैं. वह फिल्म का कुछ हिस्सा भी शूट कर चुकी हैं.

## नए साल की पार्टी के लिए ऐसे सजाएं अपना घर, लगेगा बेहद ही खूबसूरत




ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के कारण कई राज्यों ने तरह–तरह की पाबंधियां लगाना शुरू कर दिया है। ऐसे में अगर आप कहीं बाहर जाने की बजाय घर में नए साल की पार्टी आयोजित कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि किसी भी पार्टी को शानदार बनाने में सजावट अहम भूमिका निभाती है। चलिए फिर आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने घर को नए साल की पार्टी के लिए आसानी से सजा सकते हैं।

लाइट वाली लड़ियों और हैंगिंग लैम्प से सजाएं बाहरी दीवारें

नए साल की पार्टी के लिए सजावट की शुरुआत घर के बाहरी हिस्से से शुरू करें। आप चाहें तो अपने घर की बाहरी दीवारों और बालकनी की रेलिंग को सफेद रंग की लाइट्स से सजा सकते हैं। इसके अलावा, आप अपने घर के गार्डन को भी लाइट और डिजाइनर लैंप से सजा सकते हैं। बस गार्डन की सजावट के लिए पीले रंग की लाइट का इस्तेमाल करें क्योंकि यह देखने में आकर्षक लगती है।

गुब्बारों और न्यू ईयर बैनर से सजाएं घर

बाहरी सजावट के बाद अब बारी आती है घर के अंदरूनी हिस्सों की, जिसे आप गुब्बारों और न्यू ईयर बैनर से सजा सकते हैं। आजकल बाजार और ऑनलाइन साइट्स पर तरह–तरह के आकार और डिजाइन वाले गुब्बारे और न्यू ईयर बैनर मौजूद हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद अनुसार खरीदकर अपने घर को सजा सकते हैं। वैसे इन दिनों फॉइल बैलून ट्रेंड में हैं। आप चाहें तो न्यू ईयर वाले फॉइल बैलून से लिविंग रूम की दीवार को सजा सकते हैं।

जार लालटेन से करें सजावट

आप चाहें घर में रखें खाली कांच के जार से भी नए साल की पार्टी के लिए अपने घर को सजा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक खाली कांच के जार को अपने पसंदीदा पेंट या फिर रिबन और कलरफुल पेपर से सजा दें। इसके बाद इसके अंदर एक मोमबत्ती या फिर फेयरी लाइट्स रख दें। आप इस जार को घर में टांग सकते हैं या फिर टेबल पर रख सकते हैं।

न्यू ईयर स्पेशल केक और कुकीज बनाएं

नए साल की पार्टी के लिए घर की सजावट के साथ ट्रीट्स का ध्यान रखना भी जरूरी है और इसके लिए आप न्यू ईयर स्पेशल केक और कुकीज बना सकते हैं। इसके लिए आप चाहें तो न्यू ईयर केक और कुकीज की विभिन्न रेसिपी वाले ऑनलाइन वीडियो का सहारा ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आप चाहें तो अपनी पार्टी में कुछ स्नैक्स और मॉकटेल ड्रिंक्स आदि की भी व्यवस्था कर सकते हैं। यकीनन इनसे आपकी न्यू पार्टी शानदार बन जाएगी।